>

Title: Damaged caused to crops by wild animals in Uttarakhand.

श्री सतपाल महाराज : महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तराखंड के जंगलों में जो आग लगी है, उसकी ओर आकर्षित करना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदया: एक मिनट। कृपया आपस में बातें नहीं करें।

श्री सतपाल महाराज : उसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि वहां के जो गरीब किसान हैं, वे बन्दरों और सुअरों से बहुत पीड़ित हैं। दिन में बन्दर फसल को नष्ट कर देते हैं और रात को सुअर फसल को रौंद डालते हैं। इससे वहां का किसान रो रहा है। आज जो अल्मोड़ा जिला है, वहां के गरीब किसान, सोमेश्वर घाटी के गरीब किसान, गरुड़ के और बागेश्वर के गरीब किसान, इसी प्रकार से रिखड़ीखाल के और पूरे उत्तराखंड के जो किसान हैं, वे बड़े दुख से रो रहे हैं।

मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह उत्तराखंड के नागरिकों को इन जंगली सुअरों से मुक्ति दिलाने के लिए और बन्दरों से मुक्ति दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करे।

श्रीमती विजया चक्रवर्ती (गुवाहटी): महोदया, मुझे यहां से बोलने के लिए कृपया अनुमति दे दें।

सभापति महोदया: ठीक है। आप अपनी बात करें।